तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 4 अक्टूबर 2026

[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

2
जशपुर पहुंचे प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर व पवन साय



11 तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद की रहेगी धूम

आरती, ध्वज यात्रा व मंगल पाठ के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

महाराजा अग्रसेन के जयकारों, भक्ति के उल्लास और सामाजिक एकता के संकल्प के बीच नगर में अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज हो गया। अग्रसेन चौक पर भगवान अग्रसेन की आरती के साथ शुरू हुए अग्र महोत्सव ने पूरे अग्रवाल समाज में उत्साह और उमंग का संचार कर दिया।

■ 10 को निकलेगी शोभायात्रा, शामिल होंगे सामाजिकजन

3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस नौ दिवसीय अग्र महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, धार्मिक आयोजनों और मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। महोत्सव को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। अग्रसेन भवन को रंग-बिरंगी झालरों और ध्वजों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आ रहा है। महोत्सव की शुरुआत अग्रसेन चौक पर भगवान अग्रसेन की विधिवत आरती के साथ हुई। आरती के पश्चात समाज के महिला-पुरुष और बच्चे हाथों में ध्वज लेकर बाजे-गाजे के साथ अग्रसेन भवन पहुंचे। यहां अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव मनमोहन गोयल, संभागीय अग्रवाल सभा अध्यक्ष पवन अग्रवाल तथा वरिष्ठ अग्र बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही अग्रसेन भवन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की शुरुआत हुई। महिला मंडल द्वारा मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसके लिए महिलाओं ने पूरी तैयारी के साथ सहभागिता निभाई। मंगल पाठ के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो उठा और महोत्सव को धार्मिक आस्था के साथ आगे बढ़ाया गया।







कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

अग्रवाल सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल मित्तल ने सभी अग्र बंधुओं से महोत्सव के प्रत्येक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने और सामाजिक एकता की मिसाल पेश करने की अपील की। महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। परिवारों के साथ कार्यक्रमों में शामिल होने की तैयारियां की जा रही हैं, वहीं युवा टीम आयोजन को यादगार बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रही है।

हर वर्ग के लिए होंगे आयोजन

अग्र महोत्सव को केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज की प्रतिभाओं को मंच देने और आपसी मेल-मिलाप को मजबूत करने का अवसर बनाया गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है। अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष नेहल अग्रवाल और सचिव नमन अग्रवाल अपनी पूरी युवा टीम के साथ महोत्सव को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। आयोजन की तैयारियों में युवाओं की सक्रियता और उत्साह देखते ही बन रहा है। नमन अग्रवाल ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि महोत्सव तभी सफल होगा, जब समाज का प्रत्येक सदस्य इसमें अपनी भागीदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को आगे लाना और आपसी एकता को मजबूत करना है।

10 को शोभायात्रा, 11 को समापन

अग्रवाल समाज के सचिव मनमोहन गोयल ने बताया कि अग्र महोत्सव का सबसे प्रमुख आकर्षण 10 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा में समाज के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रहने की उम्मीद है। वहीं 11 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का समापन होगा। कुल मिलाकर, पत्थलगांव का अग्र महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक रंगों, खेलकूद और सामाजिक एकता का संगम बनने जा रहा है। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला यह आयोजन आने वाले दिनों में शहर में उत्सव की रौनक बढ़ाएगा।

बाल विवाह रोकने एवं नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



जशपुरनगर। जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित गांव के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। 2 अक्टूबर 2026 गांधी जयंती के अवसर पर ग्रामवासियों ने अपने गांव को स्वच्छ रखने की भी शपथ ली। कुरकुंगा के पंचायत भवन में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ गांव के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही ग्रामीणों एवं किशोर-किशोरियों को बाल विवाह रोकथाम एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने अपनी पंचायत को बाल विवाह मुक्त एवं नशा मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पैंकू तथा बगीचा विकासखंड के ग्राम बिमड़ा के पंचायत भवन में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए गांव के समग्र विकास में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

MARK OF EXCELLENCE
मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल
ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी
नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)
स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार
आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा
ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS


राधेश्याम राठिया
सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर
पूर्व विधायक सारंगढ़
संजय भूषण पाण्डेय
अध्यक्ष जिला पंचायत सारंगढ़
ज्योति पटेल
जिलाध्यक्ष भाजपा सारंगढ़
कमलेश अग्रवाल
अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक
जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज
जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़
ताराचंद देवांगन
जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह
अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे
अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर
पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे
विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े
विधायक सारंगढ़
श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़
श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़
हरिभूमि & Ninh 24x7
समाचार ही नहीं, विचार भी
बढ़ते भारत की आवाज़
Presents
जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़
रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट सारंगढ़-बिलाईगढ़
डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा सारंगढ़
मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन सारंगढ़-बिलाईगढ़
संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़
सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर
जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़
मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़
डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच
मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन
दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे
कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़
इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।
MP TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | Ninh 24x7 | जनता TV | CG TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

खबर संक्षेप



कोटडीह में सेवा संकल्प शिविर, ग्रामीणों को मिला शासकीय सेवाओं का लाभ

राजपुर। ग्राम पंचायत कोटडीह में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जन समस्या निवारण एवं योजना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल ऋण पुस्तिका एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शासकीय दस्तावेजों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने बुजुर्गों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उदय यादव, अनिल तिवारी, संजय दुबे, प्रतीक जायसवाल, नरेन्द्र कंवर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा सेतु कार्यक्रम में सुनी गई लोगों की समस्याएं



प्रतापपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत प्रतापपुर में 30 सितंबर को सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही।

खड़गवांकला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 282 मरीज हुए लाभान्वित



प्रतापपुर। सेवा सुशासन, गरीब कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत खड़गवां कला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित शिविर में 282 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में अभियान के विभिन्न थीम के तहत ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की एएनसी एवं स्वास्थ्य जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। अब तक आयुष्मान योजना से छूटे ग्रामीणों का आयुष्मान वय वंदना पंजीयन किया गया। टीबी के संभावित मरीजों की जिले से पहुंची टीम द्वारा हैंडहेल्ड मशीन के माध्यम से एक्स-रे जांच की गई। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के स्टॉल के माध्यम से कम कीमत पर उपलब्ध दवाइयों के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर का आयोजन कलेक्टर रैना जमील के निर्देश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन बीपीएम सतीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच में डॉ. प्रीतिलता सिंह, राधेश्याम राजवाड़े, सज्जू राम, दामिनी, प्रेम कुमार एवं रामेश्वरी सहित सीएचओ सोनी चक्रधारी, परमानिया एवं नादो ने सेवाएं दीं। आयुष्मान पंजीयन का कार्य गुलाब एवं मोहित द्वारा किया गया। ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचाने में ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम पार्वती राजवाड़े, एमटी तारामनी सहित स्थानीय मितानिनों की भूमिका रही। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने से लोगों में उत्साह देखा गया।

बाइक सहित कुंए में गिरा युवक, मौत

अम्बिकापुर। बुधवार रात सूरजपुर से सटे ग्राम परी में एक युवक बाइक सहित कुएं में गिर गया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम रमकोला निवासी प्रदीप कुमार के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुबह युवक एवं बाइक को कुंए से बाहर निकलवाया एवं शव को पीएम के लिए मंगवाया। बताया जा रहा है कि मृतक के विरूद्ध किसी मामले में न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया है जिसके कारण गिरफ्तारी से बचने वह लगातार अपने ठिकाने को बदल रहा था। बुधवार की रात युवक कहीं जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर बाइक सहित कुएं में गिर गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।



जशपुर पहुंचे प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर व पवन साय



जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह के प्रथम जशपुर आगमन पर जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री संगठन पवन साय भी जशपुर पहुंचे। गिरांग मोड़ पर जिला भाजपा के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों संगठन नेताओं का आत्मीय अभिनंदन किया। इसके बाद गिरांग मोड़ से बालाछापर स्थित सरना रिसोर्ट तक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया।

सरना रिसोर्ट में कर्मवीर सिंह ने जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पवन साय भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों संगठन नेताओं ने जिले के पदाधिकारियों से संवाद किया तथा कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ाव कायम किया।इसी दौरान वडनगर, गुजरात से बनारस के लिए निकली युवा मोर्चा की सेवा ज्योति रथ यात्रा के यात्रियों से कर्मवीर सिंह एवं पवन साय ने परिचय प्राप्त किया। दोनों ने सेवा ज्योति रथ यात्रियों को संबोधित करते हुए यात्रा के उद्देश्य एवं संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर संवाद किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राजेश अग्रवाल, प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी एवं रामु रोहरा, पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, गुजरात प्रदेश की सह प्रभारी एवं पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय तथा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित टिकरिहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे, बलरामपुर जिला प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा, अंबिकापुर जिला सह प्रभारी सुनील गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, उपेंद्र यादव, नपा उपाध्यक्ष युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एआई एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग पर 12 विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर एक दिवसीय रीजनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर प्रभाकर उपाध्याय की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के 12 सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने एआई, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, गणित के व्यावहारिक उपयोग, विभिन्न विषयों में तकनीकी समन्वय तथा एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों पर अपने शोध पत्र एवं प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर अंक सीधे सीबीएसई को प्रेषित किए। निर्णायक मंडल में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, हरिहरपुर के प्राचार्य बीएन यादव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरहरी के प्राचार्य दिलीप कुमार तिवारी तथा अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सुनील महापात्र शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागी शिक्षकों को उनकी प्रस्तुतियों पर महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर सिटी कोऑर्डिनेटर प्रभाकर उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मोहन मिश्रा ने शिक्षकों से आधुनिक तकनीकों एवं एआई का रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग कर शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी, रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा अतिथियों एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



स्वच्छता ही सेवा के तहत नपं शिवनंदनपुर बिश्रामपुर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आज शुक्रवार को नगर पंचायत

- डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

बिश्रामपुर व डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए,नगर पंचायत बिश्रामपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



अभियान में शामिल शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी।

अभियान अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 स्थित छठ घाट परिसर, गौरीशंकर मंदिर परिसर एवं गायत्री मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई,निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर झाड़ू लगाया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।सफाई कार्य के साथ-साथ उपस्थित जनों एवं वार्डवासियों को अपने घर तथा आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं डीएवी स्कूल में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता में विद्यालय के 390 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य द्वारा क्रीड़ाध्वज दिखाकर रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी एलआर साहू, शिक्षक पीके वैद्य एवं चित्रावती मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय प्राचार्या, स्वयंसेवकों, अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार एवं बाहरी क्षेत्र का स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता अपनाने एवं साफ़-सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती जी ने कहा कि गांधीजी व शास्त्रीजी का महान एवं प्रेरक व्यक्तित्व हम सभी के लिए सतत प्रेरणादायी रहा है। निःस्वार्थ सेवा भावना और अहिंसात्मक कार्यशैली, कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण उनके प्रमुख सिद्धांत रहे। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में बच्चों की भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन बनाए रखने के लिए सभी को शारीरिक गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।

विकास खंड मनोरा के विभिन्न संकुलों में अकादमिक बैठक





जशपुरनगर। जिले में विकासखंड मनोरा के बहेरना, सोगडा, सरडीह खरसोता और मनोरा संकुल में जोन स्तरीय प्राथमिक शाला के गणित शिक्षकों की बैठक में गणित की संक्रियाओ को सरलतम ढंग से खेल खेल में गणितीय अवधारणाओं को स्पष्ट करने की बातें बताई गई। यह गणित प्रशिक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल के मार्गदर्शन में विकासखंड मनोरा को जोनों में बांट कर आयोजित की गई थी जिसमें विकासखंड मनोरा के प्राथमिक शालाओं में गणित पढ़ने वाले सभी शिक्षकों की सहभागिता रही।

बैठक में प्राथमिक शाला के बच्चों को सरल ढंग से गणितीय संक्रियाओं को सिखाने के तरीकों पर डेमो किया गया। बच्चों में कंकड़ पत्थर तीली बंडल व अन्य ठोस सामग्री जो हमारे आसपास परिवेश में उपलब्ध हो की सहायता से गणितीय अवधारणा स्पष्टता बनाते हुए कार्य करने को लेकर चर्चा की गई। इसके उपरांत संख्या प्रतीकों का इस्तेमाल करने से सभी बच्चों में अवधारणात्मक समझ स्पष्ट होगी। यह प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं गणित के मास्टर ट्रेनर्स के सहयोग से संपन्न हुआ। बहेरना जोन स्तरीय प्रशिक्षण में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आशुतोष शर्मा उपस्थित हो कर शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संकुल बैठक में होने वाली अकादमिक चर्चा एवं गतिविधियों का उपयोग हमारी शालाओं में नियमित हो तभी हमारे बच्चे इससे लाभान्वित होंगे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुकेश ने कहा कि प्राथमिक शाला के बच्चों को संख्या और संक्रिया सिखाने के लिए हमें बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना आवश्यक है। बहेरना एवं अंधरझर संकुल के कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेंद्र कुमार पंकज एवं जेपी यादव संकुल समन्वयक का सहयोग रहा सोगडा जोन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नीलाभ्र सर एवं सुरेश तिर्की का सहयोग रहा। इसी तरह सभी जोन में मास्टर ट्रेनर्स और संकुल शैक्षिक समन्वयक के सहयोग से सफल बैठक सह प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

एक साल से बीपीएम का पद खाली, डीपीएम का प्रभार भी एक ही अधिकारी के पास

रामानुजनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर का पद पिछले करीब एक साल से खाली है। संबंधित बीपीएम को जिला सूरजपुर के जिला प्रोग्राम मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद से ब्लॉक स्तर पर एनआरएचएम की व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में एक ही अधिकारी के पास बीपीएम और डीपीएम दोनों का प्रभार है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की नियमित निगरानी और संचालन प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब एक अधिकारी को जिला स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, तो रामानुजनगर के बीपीएम पद पर लंबे समय से नियमित व्यवस्था क्यों नहीं की गई। एक साल से पद रिक्त रहने के कारण स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, रिपोर्टिंग और विभागीय समन्वय पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीपीएम की शीघ्र नियुक्ति की जाए, ताकि ब्लॉक स्तर पर एनआरएचएम की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रिंग बांध तालाब एवं भूमि अंतरण प्रकरण में जिला प्रशासन ने स्पष्ट की वस्तुस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग बांध तालाब पर कब्जा करने अवैध रूप से कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और फर्जीवाड़ा करने के आरोपी आजाद इराकी को कोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया जिसके बाद उप संचालक अभियोजन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर फिर से प्रकरण में अपील करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में कलेक्टर ने भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति स्पष्ट की है।

रिंग बांध तालाब की भूमि खसरा क्रमांक 3714 से संबंधित राजस्व प्रकरण, भूमि के कथित अवैध अंतरण तथा आरोपी आजाद इराकी से जुड़े मामलों कलेक्टर सरगुजा द्वारा एसडीएम के जांच प्रतिवेदन, प्रकरण में हुई वैधानिक कार्रवाई तथा उपलब्ध न्यायालयीन अभिलेखों के आधार पर मामले की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि राजस्व, निगम तथा पुलिस विभाग द्वारा विधि के अनुसार कार्रवाई की गई है। रिंग बांध तालाब को अवैध रूप से पाटने के संबंध में शिकायतकर्ताओं के द्वारा अप्रैल 2026 में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत अवैध रूप से पाटे गए तालाब को खाली करने हेतु राजस्व विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारियों को आदेशित किया गया था। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा तालाब से मिट्टी हटाने के दौरान आरोपी आजाद इराकी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग किया गया।उक्त घटना के पश्चात आरोपी आजाद इराकी के विरुद्ध थाना मणिपुर में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज द्वारा आरोपी आजाद इराकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की गई। जिला न्यायालय से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के पश्चात आरोपी आजाद इराकी द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में अग्रिम जमानत हेतु याचिका दायर किया गया तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी को दिनांक 13 मई 2026 को अग्रिम जमानत प्रदान की गई।प्रकरण के जांच के क्रम में यह पाए जाने पर कि खसरा क्रमांक 3714 के नामांतरण में अनियमितता हुई है, एसडीएम अंबिकापुर द्वारा उक्त नामांतरण की वैधता के परीक्षण हेतु प्रकरण दर्ज किया गया। सरगुजा कमिश्नर न्यायालय द्वारा आदेश देने के पश्चात एसडीएम द्वारा पुनरीक्षण हेतु उक्त प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित किया गया, जहां उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण की आगामी सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। जांच के ही क्रम में एक अन्य शिकायत प्राप्त हुई कि खसरा नम्बर 3714 अधिकार अभिलेख 1955-56 में आदिवासी वर्ग के व्यक्ति के नाम पर थी। उक्त बिंदु पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर से जांच प्रतिवेदन मांगा गया। जांच में यह प्रमाणित हुआ कि दस्तावेजों में कूटरचना कर आरोपी आजाद इराकी द्वारा आदिवासी वर्ग की भूमि को अपने नाम (गैर आदिवासी) पर खरीद लिया गया है, जो कि भू राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 के तहत दण्डनीय अपराध है।

जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आरोपी आजाद इराकी के विरुद्ध थाना मणिपुर में बीएनएस के कई प्रावधानों के तहत 24 सितंबर को अपराध दर्ज किया गया।

बादलखोल अभयारण्य में सड़क मरम्मत का काम शुरू

जशपुरनगर। बादलखोल अभ्यारण्य के घने वन क्षेत्र के बीच बसे बुटूंगा, गायलूंगा और कलिया जैसे गांवों के ग्रामीणों के लिए बरसात का मौसम इस बार सड़क की बदहाली के कारण परेशानी भरा रहा। गांवों तक पहुंचने वाले वनमार्ग की हालत इतनी खराब हो गई थी कि जगह-जगह सड़क 2 से 3 फीट गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई थी। कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों के बीच वाहनों का गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं था। सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों, स्कूल बसों, निजी बसों और छोटे वाहन चालकों को उठानी पड़ रही थी। बछरांव से गायलूंगा तक जाने वाला यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। रोजाना दर्जनों छोटे-बड़े वाहन इस सड़क से होकर गुजरते हैं। स्कूल बसों का भी इसी मार्ग से आवागमन होता है। लेकिन लगातार बारिश के कारण कच्ची सड़क की हालत बिगड़ती चली गई। कई स्थानों पर सड़क का स्वरूप इस कदर बिगड़ गया कि वाहन चालकों को गड्ढों और कीचड़ के बीच रास्ता तलाशकर आगे बढ़ना पड़ता था। कई वाहन रास्ते में फंसने लगे थे, वहीं छोटे वाहनों के लिए तो यह मार्ग लगभग मुश्किल भरा हो गया था। लगातार बिगड़ती सड़क की स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने मामले की जानकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय तक पहुंचाई। मामले में तत्काल पहल की गई। कैंप कार्यालय की ओर से अम्बिकापुर सीसीएफ को सड़क की स्थिति को देखते हुए जल्द मरम्मत कराने के लिए कहा गया। इसके बाद बादलखोल अभ्यारण्य के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नारायणपुर गेम रेंजर सिद्धार्थ भारती ने तत्काल सड़क मरम्मत का काम शुरू करा दिया।







हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी ब्लफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग



में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल'से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप



वडनगर से निकली बाइक यात्रा का किया स्वागत

पत्थलगांव। जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों की यात्रा और सेवा-समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकली 'सेवा संकल्प अभियान' की वडनगर–वाराणसी बाइक सेवा यात्रा के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने यात्रा का भव्य अभिनंदन करते हुए सेवा के इस संकल्प को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। विधायक गोमती साय ने कहा कि सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना ही समाज को मजबूत बनाने का आधार है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की श्रमिक दीदियों का सम्मान किया गया। विधायक गोमती साय ने कहा कि श्रमिक बहनें अपने कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण से परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके योगदान का सम्मान करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि श्रमिक बहनों का परिश्रम विकास की मजबूत नींव है। उनके सम्मान और प्रोत्साहन से समाज में श्रम के प्रति गौरव तथा आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। बाइक सेवा यात्रा के स्वागत और श्रमिक दीदियों के सम्मान के माध्यम से सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

इंग्लिश स्पोकन स्पर्धा में गरिमा तृतीय स्थान पर

पत्थलगांव। पीएमश्री आत्मानंद स्कूल पत्थलगांव की छात्रा गरिमा यादव ने नन्हे सितारे जिला स्तरीय इंग्लिश स्पोकन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में गरिमा यादव ने अंग्रेजी भाषा में अपने प्रभावशाली वक्तव्य, उच्चारण, प्रस्तुति एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता ने विद्यालय के साथ-साथ पत्थलगांव का नाम भी गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्राचार्य तनु सिंह ठाकुर ने छात्रा गरिमा यादव की इस उपलब्धि पर कहा कि गरिमा यादव की यह सफलता उसके कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है।

विशेष ग्राम सभा में उत्कृष्ट स्वच्छाग्रहियों का सम्मान



जशपुरनगर। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के निर्देश एवं कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर जिला जशपुर की समस्त ग्राम पंचायतों में रिफॉर्म उत्सव को जन योजना अभियान के साथ एकीकृत कर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। रिफॉर्म उत्सव पर चर्चाःभारत सरकार द्वारा नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने हेतु किये गये सुधारों की जानकारी फ्लिप चार्ट, पोस्टर एवं वीडियो के माध्यम से दी गई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों, स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों को ग्राम सभा के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी पंचायतों में स्वच्छता शपथ, श्रमदान, सार्वजनिक स्थलों की सफाई एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रिफॉर्म उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विभागों के विषयों को सम्मिलित करते हुए जनजागरुकता अभियान चलाकर प्रचार प्रसार भी किया गया।

मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख 80 हजार रुपए बरामद

बांग्लादेश से जुड़े कुनकुरी की मोबाइल दुकान में चोरी के तार



गिरफ्तार आरोपी।

जशपुरनगर। जिला पुलिस ने कुनकुरी की मोबाइल दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 1 लाख 80 हजार नकद बरामद किया है। मोबाइल दुकान में चोरी के तार बांग्लादेश से जुड़े नजर आ रहे हैं। पुलिस को अंदेशा है कि 132 हैडसेट बांग्लादेश में बेचे गए हैं, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

132 हैंडसेट बांग्लादेश में बेचे जाने का अंदेशा

पुलिस के अनुसार पंकज कुमार पारिक, पिता नंदकिशोर पारिक, उम्र 44 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 9, तपकरा रोड कुनकुरी ने 12 अगस्त को थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 11 अगस्त की रात लगभग 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 12 अगस्त की सुबह करीब 7.45 बजे सूर्योदय बैंक के कर्मचारी रितेश ने फोन कर बताया कि दुकान का शटर खुला हुआ है। सूचना पर प्रार्थी दुकान पहुंचा तो दुकान के शटर के दोनों ताले कटे हुए थे तथा आसपास काटने एवं तोड़ने के सामान पड़े हुए थे। दुकान के अंदर जाकर देखने पर मोबाइल के डिब्बे इधर-उधर बिखरे हुए थे तथा बिक्री के लिए रखे गए कुल 132 मोबाइल हैंडसेट गायब थे। अज्ञात चोरों द्वारा शटर का ताला काटकर दुकान में प्रवेश कर मोबाइल चोरी किए गए थे।रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, प्रार्थी एवं गवाहों के कथन, जप्ती कार्रवाई, टावर डम्प लोकेशन एवं सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण कर, आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। जांच में यह भी सामने आया कि घटनास्थल के समीप स्थित अन्नपूर्णा होटल में दो आरोपी खाना खाने गए थे तथा वहां होटल संचालक को उक्त मोबाइल नंबर दिया गया था।

बांग्लादेश से जुड़े तार

प्रकरण में चार अन्य आरोपी जिन्हें की पुलिस के द्वारा चिन्हित कर लिया गया है, जो कि फरार हैं, जिनकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही है।अब तक की विवेचना एवं गिरफ्तार आरोपियों के कथन के आधार पर चोरी किए गए मोबाइल हैंडसेट बांग्लादेश में बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आई है। चोरी के मोबाइल हैंडसेट को बांग्लादेश से बरामद किए जाने के संबंध में विधि के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

झारखण्ड व पश्चिम बंगाल तक पहुंची पुलिस टीम

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुर्गीटोली मध्य नारायणपुर, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज, झारखण्ड पहुंचकर आरोपी तौसिफ राजा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी कबीर शेख के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना तथा चोरी किए गए मोबाइल हैंडसेट को सेंटू शेख को बिक्री के लिए देना बताया।आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के अनुसार चोरी किए गए मोबाइल हैंडसेट में से 50 मोबाइल हैंडसेट सत्यजीत मंडल, 50 मोबाइल हैंडसेट अब्दुल बारी उर्फ रूबेल तथा 34 मोबाइल हैंडसेट इकबाल हुसैन उर्फ राणा को बिक्री किए गए थे। मोबाइल बिक्री से प्राप्त करीब 17 लाख रुपये को तीनों के बीच बांट लेना बताया गया।

पुलिस ने किया 5 आरोपियों को पकड़ा

पुलिस ने मामले में तौसिफ राजा पिता मौलाना ताजुउद्दीन, उम्र 35 वर्ष, निवासी मुर्गीटोली मध्य नारायणपुर, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज, झारखण्ड। सेंटू शेख पिता बोगदार शेख, उम्र 27 वर्ष, निवासी बेगमगंज शेखुटोली, थाना राधानगर (उधवा), जिला साहेबगंज, झारखण्ड। इकबाल हुसैन उर्फ राणा पिता इरफान अली, उम्र 27 वर्ष, निवासी पोस्ट ऑफिस पारा देवनापुर, चौकी कुम्भीरा, थाना बैसनब नगर, जिला माल्दा, पश्चिम बंगाल। अब्दुल बारी उर्फ रूबेल खुराना पिता एनुल हक, उम्र 28 वर्ष, निवासी परदेवनापुर हिजलतला, चौकी कुम्भीरा, थाना बैसनब नगर, जिला माल्दा, पश्चिम बंगाल। अब्दुल अजीज पिता अकबर अली, उम्र 32 वर्ष, निवासी चकदेवनापुर, चौकी कुम्भीरा, थाना बैसनब नगर, जिला माल्दा, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है।

11 नाबालिगों ने की मोबाइल दुकान में चोरी

पत्थलगांव। नगर की मोबाइल दुकान का ताला काटकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ करने वाले आरोपियों का पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनि मंदिर के सामने स्थित न्यू लक्ष्मी मोबाइल दुकान में हुई चोरी की वारदात को कथित तौर पर 11 नाबालिगों ने मिलकर अंजाम दिया था। हैरानी की बात यह है कि चोरी की योजना बनाने से लेकर दुकान का ताला काटने, निगरानी करने और चोरी के सामान का बंटवारा करने तक की भूमिका पहले से तय थी। शातिराना तरीके से की गई चोरी का राज आखिरकार चोरी के ही एक मोबाइल फोन ने खोल दिया। पुलिस ने 12 मोबाइल फोन सहित करीब 1.50 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, स्वनिल सोनी ने रिपोर्ट लिखाई है कि 10 सितंबर की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति न्यू लक्ष्मी मोबाइल दुकान के शटर में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसा और नए-पुराने मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2,34,300 रुपये बताई गई थी। मामले में थाना पत्थलगांव में धारा 305 (ए), 331 (4) एवं 61 (2) में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और तकनीकी टीम को भी लगाया गया। इसी दौरान चोरी किए गए एक मोबाइल फोन को ट्रेस करने में सफलता मिली। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने पर दबिश दी। वहां चोरी का मोबाइल इस्तेमाल कर रहा एक विधि से संघर्षरत बालक मिला। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद मामले में शामिल अन्य बालकों के संबंध में भी जानकारी सामने आई।

ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पुलिस के मुताबिक, छात्रावास में रहने वाले सभी 11 नाबालिगों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। योजना के तहत सभी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच छात्रावास से निकलकर शनि मंदिर के सामने स्थित न्यू लक्ष्मी मोबाइल दुकान पहुंचे। दुकान के शटर में लगे ताले को काटने के लिए लोहे की आरी ब्लेड का इस्तेमाल किया गया। दो साथियों ने ताला काटा, जबकि अन्य साथी आसपास नजर रखकर लोगों की आवाजाही पर निगरानी कर रहे थे। ताला कटने के बाद शटर उठाकर दुकान में प्रवेश किया गया। वहां रखे मोबाइल फोन, चार्जर, केबल, ईयरबड, नेकबैंड और ब्लूटूथ ईयरफोन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। बरामद सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, मामले में विधि से संघर्षरत बालकों के संबंध में किशोर न्याय कानून सहित लागू विधिक प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अज्ञात व्यक्ति की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

जशपुरनगर। जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में 23 सितंबर को ग्राम जुरगुम-तुर्रापानी जंगल क्षेत्र में रपटा पुलिया के पास टेकरी के पीछे एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। मृतक रात में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में थाना बगीचा में धारा 103 (1) के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा आस पास मृतक के संबंध में पूछताछ करने पर मृतक की पहचान ग्राम विमड़ा निवासी राजेश दास के रूप में हुई। परिजनों, साथियों एवं अन्य गवाहों से पूछताछ ,तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस द्वारा संदेही कृष्णा उर्फ कैलाश यादव पिता प्रभाकर यादव उम्र 30 वर्ष, निवासी झगरपुर, थाना बगीचा, जिला जशपुर से पूछताछ की गई। आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक राजेश दास से उसका मोबाइल फोन के बकाया एक रुपए को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी के अनुसार 23 सितंबर को वह राजेश दास तथा एक अन्य व्यक्ति के साथ अलग-अलग स्थानों पर गया। बाद में अन्य व्यक्ति को रास्ते में उतारने के बाद आरोपी और राजेश दास कार से जुरगुम रपटा पुलिया की ओर गए। वहां मोबाइल के बकाया पैसे को लेकर आरोपी और राजेश दास के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने राजेश दास को कार से नीचे उतरने को कहा। इसके बाद जमीन पर पड़े लकड़ी के फाड़े से राजेश दास के सिर पर दो बार वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। आरोपी द्वारा राजेश दास के शव को उठाकर टेकरी के पीछे फेंक दिया गया। आरोपी के द्वारा घटना में प्रयुक्त लकड़ी का फाड़ा तथा मृतक का मोबाइल पुलिस से पकड़े जाने के डर से मैनी नदी में फेंक दिया गया। आरोपी कृष्णा उर्फ कैलास यादव के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिले में आयोजन

बच्चों के नैतिक चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास हेतु ली जाती है परीक्षा

जशपुरनगर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 3 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुआ एवं इस वर्ष जशपुर जिले से 7500 से अधिक की संख्या में विद्यार्थियों का परीक्षा में शामिल हुए।

परीक्षा में कक्षा 5वीं से 12वीं तक एवं महाविद्यालय स्तर में भी परीक्षा में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा समिति के जिला संयोजक साहदुल सिंह ने बताया कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ विद्या की भी आवश्यकता होती है एवं बच्चों के नैतिक चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह परीक्षा पूरे देश में शांतिकुंज हरिद्वार परीक्षा समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है के जिसमें भारत के 22 राज्यों के साथ नेपाल देश में दो लाख से अधिक विद्यालयों में दो लाख शिक्षकों एवं गायत्री परिवार के लाखों कार्यकत्ताओं के अमूल्य सहयोग से सम्पन्न होती है, जिससे 40 लाख से अधिक छात्र-छात्राएँ लाभान्वित हो रहे हैं। जिला परीक्षा समिति के सदस्य मनियार साय पैंकरा ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को महान भारतीय संस्कृति से परिचित करना है। उक्त परीक्षा को संपन्न कराने में जिला परीक्षा समिति के सदस्य साहदुल सिंह, एम् एस पैंकरा, रवि गुप्ता, दौलत राम चौहान जशपुर से डमरूधर स्वर्णकार, राजेश्वरी साहू, श्वेता दुबे, किरण सिंह, कुनकुरी से विनायक साय, संजय नायक दुलदुला से रामेश्वर विश्वकर्मा, गौरीशंकर निराला, टी आर यादव कांसाबेल से प्रेमशंकर यादव, सी बी पैंकरा, फरसाबहार से राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र गुप्ता,प्रमोद साव,किशोर साव पत्थलगांव से कांशीराम श्रीवास, प्रकाश यादव, गणेशराम भगत, संतेश्वर यादव, मनोरा से भूखला राम, बगीचा से वीरेंद्र शास्त्री एवं सभी विद्यालय के शिक्षक की सहभागिता सराहनीय रूप से रही।



अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



जशपुरनगर। नाबालिग की अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 21 जनवरी को 19 वर्षीय पीड़िता के द्वारा थाना जशपुर में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत के अनुसार, अप्रैल 2024 में पीड़िता की पहचान आरोपी शोवित कुशवाहा उर्फ शोभित, उम्र 24 वर्ष, उत्तर प्रदेश से 4 फ्रन एप्लीकेशन के माध्यम से हुई थी। बाद में दोनों के बीच व्हाट्सएप के माध्यम से बातचीत होने लगी। आरोपी द्वारा पीड़िता पर दबाव बनाकर वीडियो कॉल के दौरान उसकी निजी,अश्लील तस्वीर एवं वीडियो प्राप्त कर उसका स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लिया गया था। आरोपी ने उक्त सामग्री को व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित कर दिया तथा पीड़िता को बातचीत नहीं करने पर उसे एवं उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना जशपुर में धारा 79, 351 बीएनएस एवं आईटी एक्ट की धारा 67, 67(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से आवागमन आसान





जशपुरनगर। जिस गांव में कभी बस की पहुंच नहीं थी, आज वहां बस के आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठते हैं।

सड़क पर बस दिखाई देते ही बच्चे हाथ हिलाकर खुशी जाहिर करते हैं और हॉर्न की आवाज सुनते ही ग्रामीण घरों से बाहर निकल आते हैं। यह सिर्फ बस के आने की खुशी नहीं, बल्कि अपने गांव के शहर, नगर और विकासखंड मुख्यालय से आसानी से जुड़ने की नई उम्मीद है। बस में सफर करते हुए ग्रामीण उन दिनों को याद करते हैं, जब उन्हें जरूरी काम के लिए पैदल चलना पड़ता था या किसी निजी वाहन का सहारा लेना पड़ता था। अब परिस्थितियां बदल रही हैं। स्कूल के बच्चे समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं, वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी अपने कार्यस्थल तक आसानी से पहुंच पा रहे हैं। यह बदलाव केवल आवागमन की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन में नए अवसर और नई संभावनाएं लेकर आया है। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से संभव हो रहा है। योजना के तहत उन गांवों तक बस सेवा पहुंचाई जा रही है, जहां पहले सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जशपुर जैसे पहाड़ी और दूरस्थ जिले में यह पहल ग्रामीणों के लिए विशेष राहत लेकर आई है।

सावित्री नगर में चला स्वच्छता अभियान

रायगढ़। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जिंदल पावर के सावित्री नगर कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कालोनी के लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के उद्देष्य से सीईओ माइंस व प्रेसीडेंट ओमप्रकाष के नेतृत्व में कालोनी में वाकथान का आयोजन किया गया। अधिकारी व कर्मचारियों ने पूरी कालोनी में पैदल चलकर लोगों से कालोनी को स्वच्छ बनाए रखने व पालिथीन का उपयोग न करन तथा कचरा नहीं फेलाने का आग्रह किया। सभी ने कालोनी में झाड़ू लगाकर लोगों को परिसर को साफ बनाए रखने का संदेश दिया। गांधी जयंती के अवसर जिंदल पावर तमनार के सावित्री नगर कालोनी में ईएमडी विभाग द्वारा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे को आपरेटिव परिसर के सामने हुई।